एक नजर में

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई

भौरासा। नगर में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं नगर कांग्रेस अध्यक्ष के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई भौरासा ब्लाक कांग्रेस कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चित्र पर माल्या अर्पण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव,व नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश चंद्र ईनानी के द्वारा माल्यार्पण किया गया व पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नगजीराम यादव के द्वारा महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला गया इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर (गैंदा),पिरूभाई ठेकेदार,पार्षद गुलरेज मदनी, पार्षद अफजल मंशुरी,अनिल जायसवाल, कृष्णकांत डोडीया, जयप्रकाश चौधरी, एवं कांग्रेस कार्यकर्ता गण मौजूद थे।

बच्चों ने देशभक्ति कार्यक्रम की प्रस्तुति

देवास। देवास जिला जाट समाज द्वारा संचालित वीर तेजाजी स्कूल,नागूखेडी परिसर पर 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद की अध्यक्ष मीनाराव व सचिव अन्तिम अग्रवाल तथा ग्राम पंचायत बांगर के सरपंच तथा देवास जिला जाट समाज के अध्यक्ष दिलीप जाट की अध्यक्षता में सभी अतिथियों ने माँ सरस्वती,भारत माता तथा महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित किया। विद्यालय के नन्हें बच्चों ने देशभक्ति से ओत प्रोत गीत,नृत्य और नाटक प्रस्तुत किये। जाट समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी सत्यनारायण वर्मा,यशवंत डागोरा तथा राधाकिशन जाट बैरागढ द्वारा राष्ट्र भक्ति पूर्ण गीतों से बच्चों और उनके अभिभावकों को जोश से भर दिया ,इस अवसर पर समाज के उपाध्यक्ष भारत सिंह मलिक बच्चों को पेन पेन्सिल व कम्पास से पुरस्कृत कर मिठाई वितरण किया गया। वीर तेजाजी स्कूल स्टॉफ के सदस्य पन्नालाल तथा पुजा का समाज के उपाध्यक्ष भारतसिंह मलिक द्वारा शालश्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के सदस्यों के द्वारा लड्डू व फरूटी जुस बाटा गया। समाज के पदाधिकारी राधाकिशन जाट,भारतसिंह मलिक,नंदकिशोर जाट,कैलाश जाट,राहुल जाट भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्कूल प्राचार्य सीमा आर्य ने किया तथा आभार यशवंत डागोरा ने माना।

खटाम्बा में हुआ कन्वर्जेस कैंप का आयोजन

देवास। 30 जनवरी को खटाम्बा पंचायत देवास के पंचायत भवन में वेलस्पन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज द्वारा एक कन्वर्जेस कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष लाभार्थियों के लिए आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम कार्ड और संभल कार्ड बनाए गए। इस अवसर पर खटाम्बा पंचायत के सरपंच हरी सिंह मालवीय और वेलस्पन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज से लोकेशन लीड उपस्थित रहे।

वार्ड 18 में की जल सुनवाई

देवास। शासन निर्देशानुसार जल सुनवाई अभियान के अन्तर्गत आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर जल गुणवत्ता को लेकर वार्डो में जलसुनवाई की जा रही है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 18 में जल सुनवाई की गई। जिसमें रहवासियों से पीने के पानी को लेकर चर्चा की तथा पानी के सेम्पल लिये। सेम्पल अनुसार पीने का पानी मानक स्तर पर गुणवत्तायुक्त मिला। प्रति मंगलवार को निगम द्वारा की जाने वाली जल सुनवाई अभियान में वार्डो के रहवासियों के घर पर नल कनेक्शन से व अन्य स्त्रोतों से लिये जा रहे पानी की गुणवत्ता की जांच हेतु पीने के पानी के सेम्पल वार्ड पार्षद व जनप्रतिनिधियों एवं रहवासियों के साथ लिये जा रहे हैं। जलसुनवाई अभियान में वार्ड पार्षद राहूल दायमा के द्वारा निगम उपयंत्री जीवन रावत से वार्ड मे पानी वितरण समय को बढाने के लिये चर्चा की। इस अवसर पर निगम अमृत मित्र की टीम व निगम जलप्रदाय विभाग के कर्मचारियों के साथ बडी संख्या मे वार्डवासी उपस्थित रहे।

करियर मार्गदर्शन मेले का आयोजन

सोनकच्छ। शासकीय हाई स्कूल अगेरा में 27 से 31 जनवरी तक विद्यार्थियों के लिए करियर मेला का आयोजन किया जा रहा है। शालेय नोडल शिक्षक व विभिन्न विषय शिक्षक कक्षा 9 से 10वीं के विद्यार्थियों को व्यापक स्तर पर मार्गदर्शन दे रहे हैं व भविष्य की चुनौतियो से अवगत कराना तथा उनकी रुचि और योग्यता के आधार पर सही कॅरियर चुनने के लिए वैज्ञानिक एवं व्यवहारिक मार्गदर्शन प्रदान करना व शुक्रवार को कॅरियर कार्डस, जीवन कौशल, संकाय आधारित परीक्षा के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम मे प्राचार्य मनोहरलाल परमार,महेशचंद्र सिसोदिया, दलेप सिंह सोलंकी, राजीव बैरागी,सरोज ठाकुर,ब्रजकिशोर जाजू,लोकेंद्र सिंह सैन्धव,अनवर खान उपस्थित थे। संचालन महेशचंद्र सिसोदिया ने किया।

सुनील पुरोहित को डॉ. हेडगेवार जी का चित्र भेंट किया

देवास। अल्प प्रवास पर पधारे भारतीय जनता पार्टी के आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुनील पुरोहित को डॉक्टर हेडगेवार जी का चित्र भैन्ट कर सम्मानित किया। श्री पुरोहित अल्प प्रवास पर मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन कार्यालय पर पधारे थे। इस दौरान संगठन की अनेक गतिविधि ओं के बारे में श्री पुरोहित ने बताया इस दौरान समाजसेवी हरि मुकाती लखन लोदवाल पवन हिंदू बालमुकुंद गवली गोवर्धन सिरा नारायण जोनवाल नरेंद्र वर्मा कचरू राठौर आदि लोग उपस्थित थे।

पूर्व मंत्री ने चौधरी के निधन पर श्रद्धांजलि दी

टोंक खुर्द। नगर टोंक खुर्द के पीरु लाल चौधरी(पहलवान)का निधन की सुनते ही उनके निवास स्थान पर पहुंचे उनके निवास स्थान पर एवं शोक संवेदना व्यक्त कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। उनके साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष मनोज राजानी,वरिष्ठ कांग्रेस नेता विक्रम सिंह गालोदिया,शहर कांग्रेस अध्यक्ष नितेश धाकड़,पूर्व सरपंच रुस्तम सिंह पटेल,पूर्व उपसरपंच मांगीलाल रैकवाल आदि कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने भी श्रद्धांजलि दी।

खेत में घास काटते किसान पर तेंदुए का हमला

किसान ने साहस दिखाकर बचाई जान

देवास। जिले के रोजड़ी गांव में बुधवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब खेत पर घास काट रहे एक किसान पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में किसान घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय देवास में भर्ती कराया गया है। घायल किसान की पहचान लाखन सिंह पिता गुलाब सिंह राजपूत, निवासी रोजड़ी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार लाखन सिंह सुबह खेत पर अकेले घास काट रहे थे। इसी दौरान पास के नाले में छिपे बैठे तेंदुए ने अचानक उन पर हमला कर दिया। हमले के समय किसान के हाथ में दराती थी। किसान ने साहस और सूझबूझ दिखाते हुए दराती से तेंदुए पर वार किया, जिससे तेंदुआ खेत से भागकर जंगल की ओर चला गया। किसान के हाथ और शरीर पर चोटें आई हैं। घटना के बाद परिजनों ने घायल किसान को तत्काल जिला चिकित्सालय देवास पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है जहां उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। ग्रामीण हेमराज सिंह राजपूत ने बताया कि यह क्षेत्र जंगल से सटा हुआ है और तेंदुए की मौजूदगी पहले भी देखी गई है, लेकिन इस तरह का हमला पहली बार हुआ है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। मामले की सूचना वन विभाग को दे दी गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में रखा मौन

देवास। भारत के स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी 2026 को निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने 2 मिनिट का मौन रखा। शासन के निर्देशानुसार आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में 30 जनवरी को स्वतंत्रता संग्राम शहीदों की स्मृति में निगम कार्यालय प्रांगण में निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने समय 10.59 पर सूचना सायरन बजाकर 11 बजे दो मिनिट का मौन रखा गया तत्पश्चात 11.02 मिनट पर पुन सायरन पर मौन समाप्त किया गया।

इस अवसर पर निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी, कार्यालय अधिक्षक रणजीतसिंह पंजाबी, उपयंत्री दिनेश चौहान व सभी निगम अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला, महिला आरोपी सहित 3 गिरफ्तार

देवास। जिले के बरोठा थाना क्षेत्र में आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में पुलिस ने 48 घंटे के भीतर एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला 24 दिसंबर 2025 का है, जब ग्राम पटाड़ी निवासी कैलाश नायक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी. मर्ग जांच में सुसाइड नोट मिला, जिसमें उधारी के दबाव, प्रेम-प्रसंग और पारिवारिक विवादों के चलते मानसिक प्रताड़ना का उल्लेख था. जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में अनोप सिंह चौहान (48 वर्ष) निवासी ग्राम कनेरिया जिला देवास, संदीप जैन (39 वर्ष) निवासी खरगापुर, जिला टीकमगढ़, हाल निवासी इंदौर एवं कोमल यादव (40 वर्ष) निवासी पोलाय जिला देवास, हाल निवासी नगीन नगर इंदौर को गिरफ्तार किया है. आरोपियों को न्यायालय में पेश कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है

महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला का आयोजन

देवास। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में जिले के समस्त महाविद्यालयों के संकाय सदस्यों एवं स्टॉफ हेतु मानसिक स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण एवं कार्यशाला तथा उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एंड वैलनेस कार्यक्रम के अंतर्गत यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य पर संवाद सत्र का आयोजन दिनांक 29 जनवरी 2026 को डॉ. एस.पी.एस. राणा की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शहर के वरिष्ठ अधिवक्ता तथा विधायक प्रतिनिधि मनीष पारीक एवं मुख्यवक्ता के रूप में शहर के प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. धर्मेंद्र प्रजापति चिकित्सा अधिकारी जिला अस्पताल देवास उपस्थित रहे। महाविद्यालय के आई. क्यू.ए.सी.,क्रीडा विभाग तथा रेड रिबन क्लब के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विशिष्टवक्ता के रूप में डॉ. अमरीन शेख नोडल अधिकारी जिला एड्स एवं टी.बी.रोकथाम कार्यक्रम, डॉ.बुलबुल काजी जिला समन्वयक उमंग स्वास्थ्य कार्यक्रम, सुनीता जोशी परामर्शदाता आई.सी.टी.सी. जिला चिकित्सालय, अक्षय वर्मा तथा अपर्णा वर्मा परामर्शदाता उमंग स्वास्थ्य केंद्र ने मानसिक स्वास्थ्य एवं शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया। अतिथियों का उत्तरीय पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि मनीष पारीक ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा युवाओं के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष बल दिया जा रहा है। मुख्य वक्ता डॉ.धर्मेंद्र प्रजापति ने मानसिक स्वास्थ्य की अवधारणा, मानसिक अस्वस्थता-पहचान, कारक तथा समाधान विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया। प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस. राणा ने वर्क-लाईफ बैलेंस विषय पर अपनी बात रखी। महाविद्यालय के आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ.संजय गाड़गे ने तनाव प्रबंधन विषय से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया। डॉ. अमरीन शेख द्वारा शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, गर्भावस्था में स्वास्थ्य देखभाल, एच. आई. व्ही. /एड्स, टी. बी. सह एच. आई. व्ही. / एड्स एक्ट 2017 के प्रावधानों पर संवाद किया गया। उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वैलनेस कार्यक्रम सह किशोरों एवं युवाओं के स्वास्थ्य हेतु संचालित कार्यक्रम गतिविधियों/सेवाओं पर विस्तृत जानकारी डॉ. बुलबुल काजी, जिला समन्वयक आर.के.एस.के. द्वारा प्रदान की गई। अपर्णा वर्मा द्वारा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी टेलीमानस हेल्पलाईन ,उमंग हेल्पलाईन ,मनहित एप, जस्ट आस्क चैटबोट तथा आभा आई.डी.के विषय में अवगत कराया।

जरिया ट्रॉफी बॉडीबिल्डिंग में सईद खान बने मिस्टर देवास

देवास। देवास जिला बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन व टीम जरिया के संयुक्त तत्वधान में मिस्टर देवास 2026 जरिया ट्राफी का आयोजन किया गया। जिसमें अलग अलग वजन समूह में 40 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व सभापति हाजी अंसार एहमद हाथी वाले, मध्यप्रदेश बॉडीबिल्डिंग एसो. उपाध्यक्ष हाजी अकबर शेख अज्जू, लीगल एडवाइजर चंद्रपाल सिंह सोलंकी, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनोज राजानी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम, पार्षद इरफान अली बाबा, सुपर मार्केट ऐसा. अध्यक्ष अर्जुन यादव ,पार्षद वसीम हुसैन, इफ़्तिकार एहमद हाथी वाले, डॉ राज खान, पत्रकार शकील कादरी, पत्रकार रिजवान कौसर,सनावर खान सतवास ,सुजीत सांगते ,संतोष मोदी, ज़कीरउल्ला शेख, समीर खान, अमन छाबड़ा, समीर शेख, अबरार शेख सर, हारिश गजधर, रहे। सभी अतिथियो का स्वागत टीम जरिया के सदस्य व देवास जिला बॉडीबिल्डिंग एसो. के अध्यक्ष हाजी रेहान शेख , मार्गदर्शक खालिक शेख चाचा, सचिव मनदीप पंवार, उपाध्यक्ष खुमान सिंह बैस, अमन बेग, अजीम शेख विक्की, प्रमोद चौहान, साहिल शेख, चेतन भन्नारे, रमजान कादरी, लक्की यादव, विजय सोलंकी ,राहुल गाडुनिया,हसीन शेख, सादाब शेख, नितिन महेशकर, राजा शेख,,अन्वेद शेख ,आमीन शेख , दिनेश वर्मा ,आशीष शर्मा,आदि ने किया। इस चैंपियन शिप में चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब सईद खान ने अपने नाम किया तथा बेस्टपोजर देवेश चौधरी, बेस्ट मुस्कुलरमैन एजाज मंसूरी, बेस्ट इंप्रूव का खिताब सौरभ झा ने अपने नाम किया। सभी विजेता खिलाड़ियों को आकर्षक ट्राफी और नगद पुरुस्कार दिया गया। चैंपियनशिप में जज की भूमिका उज्जैन संभाग बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मकबूल वारसी,हाजी रेहान शेख,सोहेब शेख ने निभाई तथा स्टेज मार्शल की भूमिका जीशान खान और आशुतोष बेलिम ने निभाई। कार्यक्रम का संचालन यशवंत डोगरा ने किया व आभार मलिक शेख ने माना।

35 वीं सबजूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे देवास के खिलाड़ियों का चयन

देवास। देवास खो खो जिला सचिव प्रवीण सांगते ने बताया कि राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता जो कि 24 जनवरी को खरगोन मे आयोजित हुई थी। उसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर देवास जिले से नैतिक सिंह, आदित्य पांचल, संजय पंवार, अशी मिश्रा, देविका राजपूत का चयन 35 वीं सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिये हुआ है जो कि 31 जनवरी से 04 फरवरी तक कुरुक्षेत्र हरियाणा मे आयोजित होंगीं। खिलाडियों की इस उपलब्धि पर खेल गुरू सोलंकी सर, सुदेश सांगते, जय सिंह ठाकुर, अर्जित सिंह खनूजा, जय कुमार ,तेजू सोलंकी , मोहित ठाकुर, भारत वर्मा, महेंद्र सिसोदिया ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

वाहन चेंकिंग में मॉडिफाइड बाइक जब्त

सोनकच्छ। टीआई अजय गुर्जर द्वारा यातायात अभियान के तहत कस्बा सोनकच्छ में वाहन चालको द्वारा यातायात नियमो का पालन नही किये जाने पर बस स्टेंड सोनकच्छ पर वाहन चैकिंग लगाई। वाहन चैकिंग की गई। जो वाहन चैकिंग दौरान एक व्यक्ति द्वारा अपने बुलेट वाहन क्रमांक एमपी 04 क्यूएल 0797 में मोडीफाईड पटाखे वाला सायलेन्सर लगावाकर कस्बा सोनकच्छ के मार्गो पर बुलेट वाहन से पटाखे फोडने पर रोक एवं वाहन के संबंध में दस्तावेज व वाहन चालक का नाम पूछने पर हिमांशु पिता जगदीश धोलपुरे उम्र 24 साल निवासी लक्ष्मीबाई मार्ग सोनकच्छ द्वारा वाहन के संबंध में दस्तावेज पेश नहीं किए। वाहन मालिक नैतिक पिता धीरेन्द्र सिंह व चालक के विरूद्व धारा 129/194(डी), 120/190(2) एम.व्ही. एक्ट का प्रकरण तैयार कर वाहन जप्त किया गया।

सड़क सुरक्षा विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

देवास। सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से नारायणा ई-टेक्नो स्कूल, देवास में माय एफएम के सहयोग से सड़क सुरक्षा विषय पर एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से सातवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने अपने चित्रों के माध्यम से यातायात नियमों का पालन, हेलमेट व सीट बेल्ट की उपयोगिता, तथा सुरक्षित सड़क व्यवहार का संदेश दिया। बच्चों की रचनात्मकता और सामाजिक विषयों के प्रति समझ को उपस्थित अभिभावकों व शिक्षकों ने सराहा। इससे पूर्व इसी माह नारायणा ई-टेक्नो स्कूल के विद्यार्थियों ने जिला कलेक्टर ऋतुराज से भेंट कर सड़क सुरक्षा को लेकर विद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी थी। विद्यार्थियों ने यातायात नियमों के सख्ती से पालन की आवश्यकता पर भी चर्चा की थी। विद्यालय के प्राचार्य पी. जे. थॉमस ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत आगामी दिनों में विद्यार्थी नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से आम जनता को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। माय एफएम के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संदेश देने की दिशा में एक सराहनीय कदम है और यह सिद्ध करता है कि सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है।

एक नजर | विधायक मनोज चौधरी ने दिए पुरस्कार

सांदीपनि उमावि सन्नौड़ का वार्षिकोत्सव संपन्न

देवास। शासकीय सांदीपनि उमावि सन्नौड़ का वार्षिकोत्सव विधायक मनोज चौधरी के मुख्य आतिथ्य में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। सन्नौड़ का यह भव्य और सर्व सुविधा युक्त सांदीपनि विद्यालय, विधायक मनोज चौधरी के अथक प्रयासों से क्षेत्र को मिली सौगात है, जहाँ बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर स्वयं को सौभाग्यशाली महसूस करते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के पुष्पवर्षा एवं पुष्पहार से स्वागत के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य मेहरबान सिंह पारसनिया तथा माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश पटेल एवं देवेंद्र मुकाती द्वारा किया गया। सांदीपनि विद्यालय की प्यारी बेटियों के द्वारा शुभ स्वागतम स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, आर्ट एंड क्राफ्ट तथा चित्र प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका अतिथियों ने अवलोकन कर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की प्रयासों की सराहना की। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में राम स्तुति, देशभक्ति गीत, झांसी की रानी के जीवन चरित्र पर आधारित नाट्य-नृत्य और पुरस्कार प्राप्त नाटिका जादू नहीं विज्ञान है ने सभी का मन मोह लिया। विशेष रूप से तनीषा, रक्षा एवं अक्षिता द्वारा प्रस्तुत शिव तांडव नृत्य ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया और तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूँज उठा। कार्यक्रम के दौरान पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। गत शैक्षणिक सत्र में कक्षा पहली से बारहवीं तक सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा में चयनित 14 विद्यार्थियों, वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों तथा यूनिसेफ के अंतर्गत करियर गाइडेंस के 11 कोर्स पूर्ण करने वाले 21 विद्यार्थियों को विधायक मनोज चौधरी द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य मेहरबान सिंह पारसनिया द्वारा विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसमें विद्यालय की प्रमुख उपलब्धियों, लक्ष्यों और आवश्यकताओं पर सुव्यवस्थित रूप से प्रकाश डाला गया। विधायक श्री चौधरी ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विद्यार्थियों के अनुशासन, परिश्रम और उपलब्धियों की प्रशंसा की एवं उनसे आत्मनिर्भर एवं सक्षम बनने का आह्वान किया।

संपत्तिकर वसुली को लेकर आयुक्त ने दिए सख्त निर्देश

देवास। आयुक्त दलीप कुमार के निर्देशन में निगम राजस्व की टीम द्वारा संपत्तिकर के बकायादारों पर सख्ती से कार्यवाही करते हुये तालाबंदी की जा रही है। संपत्तिकर बकाया वसुली को लेकर निगम की टीम द्वारा जिन बकायादारों द्वारा अपना व्यवसाय बिना संपत्तिकर जमा करे चला रहे हैं ऐसे व्यवसायकों पर निगम राजस्व की टीम के द्वारा शिकंजा कस्ते हुये वार्डो मे भ्रमण कर वसुली की जा रही है।

इसी क्रम मे वार्ड ब्राहम्ण खेडा में मालाकार फार्म्स एवं रिजाल्व इंटरप्राईजेस तथा मक्सी रोड स्थित सांवरिया रेस्टोरेंट के द्वारा अवैध रूप से व्यवसाय संचलित करने पर निगम राजस्व की टीम ने की कार्यवाही। वार्ड ब्राहम्ण खेडा में मालाकार फार्म्स उद्योग एवं मक्सी रोड स्थित सांवरिया रेस्टोरेंट के द्वारा बिना संपत्तिकर जमा करे एवं निगम में फर्म का संपत्तिकर खाता इंद्राज नही करते हुये उद्योग संचालित करने पर निगम की टीम द्वारा मालाकार उद्योग फार्म्स पर एवं मक्सी रोड स्थित सांवरिया रेस्टोरेंट पर कार्यवाही करते हुये तालाबंदी की, वार्ड ब्राहम्ण खेडा मे रिजाल्व इंटरप्राईजेस सेनेटरी मेन्युफेक्चरिंग युनीट फर्म पर संपत्तिकर की राशि रूपये 8 लाख बकाया होने पर निगम की टीम द्वारा उक्त युनिट पर भी तालाबंदी की गई। कार्यवाही के दौरान रिजाल्व इंटरप्राईजेस सेनेटरी मेन्युफेक्चरिंग युनीट फर्म के अनूरोध पर 2 दिवस में संपत्तिकर की बकाया राशि जमा करने की समयावधि टीम द्वारा दी गई।

आयुक्त के निर्देशन में निगम राजस्व की टीम द्वारा संपत्तिकर के बकायादारों पर सख्ती से कार्यवाही करते हुये तालाबंदी की जा रही है।